अनुक्रमांक .............................. कूट सं. : 820151.1-$SA_1$ (M)

कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में कुल 18 प्रश्न हैं और कुल 8 मुद्रित पृष्ठ हैं।

कक्षा - आठवीं

# हिंदी

(संकलनात्मक मूल्यांकन - I)

निर्धारित समय : 3 घंटे अधिकतम अंक : 90

सामान्य निर्देश :

1. इस प्रश्न पत्र के दो खंड हैं - 'क' और 'ख'।
2. दोनों खंड अनिवार्य हैं।
3. प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर क्रमशः एक साथ लिखिए।
4. उत्तर पुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रम संख्या लिखिए जो प्रश्नपत्र में दी गई है।

## खंड - 'क'

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- 1×5=5

भारतीय संस्कृति की छाप पश्चिमी एशिया, मिस्र तथा रोम से लेकर चीन तक और मध्य एशिया से सुदूर पूर्व के द्वीपों तक पड़ी। परंतु भारतीय संस्कृति ने इसके लिए कभी तलवार का सहारा नहीं लिया और इसके बल पर अपने धर्म को बढ़ाने का प्रयास नहीं किया। प्रेम और शांति यहाँ का मूल मंत्र रहा। वैदिक काल से ही इस परम्परा की शुरुआत हो गई थी। जिसे सम्राट अशोक ने उत्कर्ष पर पहुँचा दिया। हिंदू धर्म के साथ-साथ बौद्ध धर्म ने भी दक्षिण-पूर्व एशिया की संस्कृति को काफी प्रभावित किया। जावा में भारतीय संस्कृति की गहरी छाप पड़ी है। ब्राह्मण धर्म के साथ-साथ बौद्ध धर्म का भी यहाँ प्रभाव पड़ा है। बोरोबुदुर का प्रसिद्ध स्तूप बौद्ध धर्म का वास्तविक प्रतीक है। कला के क्षेत्र में अंकोरवट मंदिर सुंदर प्रतीक है।

(क) भारतीय संस्कृति की छाप किन-किन देशों पर पड़ी?

(ख) सम्राट अशोक के योगदान को रेखांकित कीजिए।

(ग) जावा में भारतीय संस्कृति का क्या प्रभाव पड़ा है?

(घ) भारतीय संस्कृति की कोई ऐसी विशेषता बताइए जिसने आपको बहुत प्रभावित किया है?

(ङ) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्प से छाँटकर लिखिए – 1×5=5

ज्यों निकलकर बादलों की गोद से
थी अभी एक बूँद कुछ आगे बढ़ी
सोचने फिर-फिर यही जी में लगी,
आह! क्यों घर छोड़कर मैं यो कढ़ी?
देव मेरे भाग्य में क्या है बढ़ा,
मैं बचूँगी या मिलूँगी धूल में?
या जलूँगी फिर अंगारे पर किसी,
यू पडूँगी या कमल के फूल में?
बह गयी उस काल एक ऐसी हवा
वह समुन्दर ओर आई अनमनी
एक सुन्दर सीप का मुँह था खुला
वह उसी में जा पड़ी मोती बनी
लोग यों ही हैं, झिझकते, सोचते
जबकि उनको छोड़ना पड़ता है घर
किन्तु घर का छोड़ना अक्सर उन्हें
बूँद लौं कुछ और ही देता है कर।

(क) बादलों से अलग होने पर बूँद के मन में भाव उत्पन्न होता है –

(i) सुख (ii) दुख
(iii) अफसोस (iv) क्रोध

(ख) यू पडूँगी या कमल के फूल में ............... पंक्ति का भाव है?

(i) पराग बन जाना (ii) श्रेष्ठ स्थान पा जाना
(iii) पहचान खो देना (iv) संघर्ष करना

(ग) बूँद मोती कैसे बनी?

(i) समय के साथ चलने से (ii) हवा द्वारा उड़ा लिए जाने से
(iii) समुन्दर में गिरने से (iv) सीप में गिरने से

(घ) घर छोड़ने से लोग क्यों झिझकते हैं?

(i) असुरक्षा के भाव से (ii) संघर्ष के भय से

(iii) नौकरी नहीं मिलने के डर से (iv) परिश्रम नहीं करने की आदत से

(ङ) कविता से आपको क्या सीख मिलती है?

(i) घर को नहीं छोड़ना चाहिए।

(ii) सफलता के लिए संघर्ष आवश्यक है।

(iii) भाग्य को कोई नहीं जानता इसलिए परिश्रम अनिवार्य।

(iv) समय के साथ आगे बढ़ते रहना चाहिए।

3. (क) (i) निम्नलिखित में से किसी <u>एक</u> की संधि कीजिए - 1

रेखा+अंकित, महा+ऐश्वर्य

(ii) निम्नलिखित में से किसी <u>एक</u> का संधि विच्छेद कीजिए - 1

इत्यादि, देवर्षि

(ख) निर्देशानुसार उत्तर लिखिए : ½×4=2

(I) 'उत्साह' शब्द से उपसर्ग व मूलशब्द अलग कर लिखिए।

(II) 'अध' उपसर्ग से एक शब्द लिखिए।

(III) 'लड़ाई' शब्द से प्रत्यय व मूलशब्द अलग कर लिखिए।

(IV) 'ईला' प्रत्यय से एक शब्द लिखिए।

(ग) (i) जिन शब्दों में अनुस्वार (ं) अथवा अनुनासिक (ँ) चिह्न का उचित प्रयोग हुआ है, उन्हें छाँटकर लिखिए - 1

(i) बाँटना, खुँशिया, आखँ (ii) स्वयं, गभींर, पंलग

(ii) निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर नुक्ता का प्रयोग कीजिए - 1

दरियाफ्त, सजा

4. निम्नलिखित में से किसी <u>एक</u> शब्द से भाववाचक संज्ञा बनाइए - 1

(i) उलझना (ii) मीठा

5. (क) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं <u>दो</u> शब्दों के <u>दो-दो</u> पर्यायवाची लिखिए :- 2

(i) गंगा (ii) दिन (ii) ज़मीन

(ख) 'साधारण' <u>अथवा</u> 'गुण' शब्द का विलोम शब्द लिखिए। 1

6. (क) निम्नलिखित वाक्य को शुद्ध करके लिखिए - 1

(i) गाड़ी ठीक समय से आएगी

(ख) निम्नलिखित वाक्य में उचित विराम चिह्न लगाइए - 1

(i) डाक्टर ने कहा तुम अच्छे हो जाओगे

7. (क) निम्नलिखित शब्दों में से 'र' का उचित प्रयोग वाले शब्द छाँटिए - 1

शर्म, क्रत्य, अंर्तधान

(ख) निम्नलिखित में से तत्सम शब्द छाँटिए तथा उनके तद्भव रूप लिखिए - 2

क्षेत्र, सात, नासिका, मोर

8. 'मानवीकरण' अथवा 'उत्प्रेक्षा' अलंकार की परिभाषा सोदाहरण दीजिए। 2+1=3

9. छात्रावास में रहने वाले अपने छोटे भाई को व्यायाम का महत्त्व बताते हुए पत्र लिखिए। 5

**<u>अथवा</u>**

किसी पर्यटन स्थल की यात्रा पूरी करके विद्यालय में सकुशल पहुँच जाने की सूचना देते हुए अपने पिताजी को पत्र लिखिए।

10. निम्नलिखित में से किसी <u>एक</u> विषय पर लगभग <u>100 शब्दों</u> में अनुच्छेद लिखिए - 5

(i) भूकंप - एक प्राकृतिक आपदा

- प्रारंभ (कारण, प्रभाव)
- आपदा प्रबंधन
- निदान

(ii) इंटरनेट की दुनिया


- विज्ञान के चमत्कार
- समाज पर प्रभाव
- सावधानियाँ एवं लाभ

(iii) भारत के राष्ट्रीय पर्व

- राष्ट्रीय पर्व से अभिप्राय
- विविधता में एकता
- मनाने का ढंग
- संदेश

11. निम्नलिखित चित्र को देखकर मन में उत्पन्न भावों को लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए - 4

(चित्र से संबंधित विषय का उल्लेख भी किया जा सकता है।)



12. लोगों के बढ़ते शौक से उत्पन्न प्रदूषण की समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए दो मित्रों के बीच हुई बातचीत को संवाद रूप में लिखिए। 4

13. 'पुस्तक मेला' की सूचना हेतु विज्ञापन तैयार कीजिए। 4

## खंड - 'ख'

14. निम्नलिखित दोहों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 5×1=5

सीस मुकुट कटि काछनी कर मुरली उर माल।
यहि बानिक मो मन बसौ, सदा बिहारी लाल।।
सोहत ओढ़े पीत पट, स्याम सलोने गात।
मनो नीलमनि सैल पर, आतप परयो प्रभात।।

(क) कृष्ण की शोभा बढ़ाने में आप किसका योगदान समझते हैं?

(ख) 'कटि काछनी' का क्या अर्थ है?

(ग) कृष्ण के हाथों में कौन-सा वाद्ययंत्र है?

(घ) कृष्ण के साँवले शरीर पर पीले वस्त्र कैसे लग रहे हैं?

(ङ) 'मनो नीलमनि सैल पर, आतप परयो प्रभात' पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?

15. पठित गद्यांश के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (मूल्यपरक प्रश्न) 5×1=5

हैदराबाद में सरोजिनी नायडू ने यह लेख पढ़ा और उन्हें बहुत बुरा लगा कि गाँधीजी ने अपनी पत्नी का इस तरह सबके सामने अपमान किया। आश्रम में आकर उन्होंने गाँधीजी से अपना गुस्सा व्यक्त किया। गाँधीजी ने कहा - "सरोजिनी देवी, यह नाराज़ होने की बात नहीं है। मैं इसे बड़ी खुशी का दिन मानता हूँ। भगवान ने मुझे एक बड़े पाप से बचा लिया। आज मैं अपने नज़दीकी रिश्तेदारों के दोष नहीं बताता, तो कल सारे आश्रम में यह बात फैल जाती। और धीरे-धीरे भ्रष्टाचार हमारे सारे जीवन को खा जाता।"

(क) सरोजिनी नायडू क्यों नाराज़ थी?

(ख) उपर्युक्त गद्यांश में किन नज़दीकी रिश्तेदारों का उल्लेख किया गया है?

(ग) यदि गाँधीजी रिश्तेदारों के दोष नहीं बताते तो क्या होता।

(घ) विद्यार्थी जीवन में अनुशासन क्यों आवश्यक है?

(ङ) भ्रष्टाचार किस प्रकार देश की उन्नति में बाधक है?

16. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर 50-60 शब्दों में लिखिए - 4×3=12

(क) दारा अपनी पुरानी चीज़ को अपने पास क्यों रखता था? अंत में दारा ने अपना असल धन किसे कहा? आप असल धन किसे मानते हैं?

(ख) शीत युद्ध का क्या अर्थ है? पाठ 'अच्छे पड़ोसी के गुण' में शीत युद्ध किस के बीच हुआ और क्यों?

(ग) 'दुख में हार न मानो' कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहते हैं?

(घ) लेखक ने ऐसा क्यों कहा कि "मैं युधिष्ठिर बन गया हूँ। नर्क दर्शन पूरा हो गया। अब मैं स्वर्ग को जाऊँगा।"

(ङ) पाठ के आधार पर यह स्पष्ट कीजिए कि 'अन्याय के खिलाफ़ लड़ाई' शीर्षक उचित है?

17. निम्नलिखित में से किन्हीं छह प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए - 6×2=12

(क) पाठ 'आकाश को सात सीढ़ियाँ' में रॉकेट पायलट के चुनाव की तीसरी परीक्षा लेने का क्या कारण था?

(ख) एक अच्छे पड़ोसी में क्या-क्या गुण होने चाहिए?

(ग) दरबारी दारा से ईर्ष्या क्यों करते थे?

(घ) मनुष्य यदि परिश्रम करे तो समाज में क्या-क्या परिवर्तन हो सकते हैं?

(ङ) श्रीधर को देखकर लेखक को अपने ऊपर झुँझलाहट क्यों होती थी!

(च) सेवाग्राम में गाँधीजी के पास कौन आया और गांधीजी ने उसे क्या समझाया?

(छ) श्रीराम राजू ने अंग्रेज़ों के सामने समर्पण क्यों किया?

18. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए :- 6×1=6

(क) गाँधीजी की कुटी में किसकी सभा होने वाली थी?

(i) हिंदुस्तानी प्रचार सभा　　(ii) प्रचारिणी सभा

(iii) ग्राम सेवा सभा　　(iv) भारतीय सभा

(ख) रॉकेट में बैठने वाले व्यक्ति को किस दिशा का ज्ञान होना जरूरी है?

(i) उत्तर (ii) दक्षिण

(iii) पूर्व (iv) पश्चिम

(ग) 'दुख में हार न मानो' कविता के कवि का क्या नाम है?

(i) श्री गोपाल चतुर्वेदी (ii) शशि प्रभा शास्त्री

(iii) गजेंद्र सिंह सोलंकी (iv) श्री ललित किशोर लोहिमी

(घ) शाह ने अपनी समस्या सुलझाने के लिए दारा के पास किसे भेजा?

(i) पत्र (ii) दूत

(iii) दरबारी (iv) सैनिक

(ङ) श्रीराम राजू पर गोली किसने चलाई?

(i) कुन्चू मेनन ने (ii) मेजर गुडाल ने

(iii) बेस्टीयन ने (iv) कमांडर ने

(च) श्रीधर की माँ का क्या नाम था?

(i) सीता (ii) गीता

(iii) रीता (iv) मीता